मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः01.04.2026

थाना जिगना पुलिस द्वारा ₹15,000/- का इनामियां गो-तस्करी के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, गो तस्करी की घटना में प्रयुक्त एक अदद ट्रक बरामद —

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा पुरस्कार घोषित/इनामियाँ/गो-तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिए गये हैं।

ज्ञातव्य हो कि दिनांक-19.03.2026 को थाना जिगना पुलिस द्वारा जिगना क्षेत्रांतर्गत पाली के पास से एक ट्रक में लदे 26 राशि गोवंशों को बरामद किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना जिगना पर मु0अ0सं0-55/2026 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर किया गया था। थाना जिगना पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में वांछित/फरार चल रहे शातिर गो-तस्कर सिराज अहमद को दिनांकः21.03.2026 को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था, मुकदमा उपरोक्त में अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा सम्भावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी । आज दिनांकः01.04.2026 को थानाध्यक्ष जिगना मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर कुशहां मोड़ के पास से मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहे ₹15,000/- के इनामियां अभियुक्त ओम प्रकाश यादव पुत्र रामकेदार यादव निवासी ग्राम ओइना (डिहिया) थाना खुटहन जनपद जौनपुर को गो-तस्करी की घटना में प्रयुक्त एक अदद ट्रक संख्या UP64H4653 के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार इनामियां अभियुक्त—

ओम प्रकाश यादव पुत्र रामकेदार यादव निवासी ग्राम ओइना (डिहिया) थाना खुटहन जनपद जौनपुर, उम्र करीब-47 वर्ष।

विवरण बरामदगी —

गो-तस्करी की घटना में प्रयुक्त एक अदद ट्रक संख्या UP64H4653.

जामा तलाशी से 01 अदद मोबाइल व 01 अदद आधार कार्ड

पंजीकृत अभियोग—

मु0अ0सं0-55/2026 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम, थाना जिगना, मीरजापुर।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —

कुशहां मोड़ के पास से, आज दिनांकः01.04.2026 को समय 06:30 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —
उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह, थानाध्यक्ष जिगना, मीरजापुर।
उपनिरीक्षक आत्माराम यादव, थाना जिगना, मीरजापुर।
मुख्य आरक्षी विवेक कुमार सिंह व अमर सिंह, थाना जिगना, मीरजापुर।

****